आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 28.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><

**मुख्य समाचारः–**

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सल उन्मूलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के भविष्य को सुरक्षित करने का मिशन है।

- बीजापुर जिले में आज चौदह इनामी सहित कुल चौबीस माओवादियों ने किया आत्समर्पण।

- सक्ती और कोडागांव सहित प्रदेश के दूसरे जिलों में की जा रही सूरजमुखी की खेती की केंद्र सरकार ने सराहना की।

- प्रदेश मे मौसम का मिजाज बदला–कई जिलों में आंधी–तूफान और ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश।

## मुख्यमंत्री–समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज गृह विभाग की अहम बैठक लेकर छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नक्सल उन्मूलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के भविष्य को सुरक्षित करने का मिशन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में प्रदेश को नक्सलमुक्त बनाने के संकल्प के साथ राज्य सरकार दृढ़ता से काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को नक्सल विरोधी अभियानों में आपसी समन्वय और सूचना संकलन तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि

आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त और विकासोन्मुख प्रदेश के रूप में पूरे देश में एक नई पहचान मिलेगी।

बैठक में उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरुणदेव गौतम, सीआरपीएफ सहित अन्य सुरक्षा बलों के अधिकारी उपस्थित थे।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

बीजापुर जिले में आज चौबीस माओवादियों ने आत्समर्पण किया है। इनमें से चौदह माओवादियों पर अट्ठाईस लाख पचास हजार रूपए का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने बीजापुर के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादियों को सरकार की पुनर्वास योजना के तहत प्रोत्साहन स्वरूप पचास–पचास हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। बीजापुर जिले में इस साल अब तक दो सौ से अधिक माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

**मुख्यमंत्री–पंचायत–समीक्षा बैठक**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि पंचायतों को सशक्त बनाकर अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आज रायपुर में पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में यह बात कही। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत "मोर दुआर–साय सरकार" अभियान के अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए बीस लाख से अधिक परिवारों का सर्वे पूरा होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

श्री साय ने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों के लिए स्वीकृत आवासों के समय पर निर्माण और सतत समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना, महतारी सदन, जिला और जनपद पंचायत विकास निधि, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

**स्वास्थ्य पोर्टल–सार्वजनिक**

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विकसित ड्रग प्रोक्योरमेंट एंड डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम पोर्टल को अब आम नागरिकों के लिए सार्वजनिक कर दिया गया है। इस कदम से स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी अब केवल अधिकारियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आमजन भी सीधे इन सूचनाओं तक पहुंच बना सकेंगे।

इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों जैसे मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और चिकित्सीय उपकरणों की आपूर्ति, वितरण, स्टॉक की स्थिति और यहां तक कि निर्माणाधीन अस्पताल भवनों की प्रगति को भी रियल–टाइम में देखा जा सकता है।

**सूरजमुखी खेती–सराहना**

सक्ती और कोडागांव सहित प्रदेश के दूसरे जिलों में की जा रही सूरजमुखी की खेती की केंद्र सरकार ने सराहना की है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा है कि छत्तीसगढ़ में सूरजमुखी की खेती एक नये स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने से प्रेरित होकर सक्ती जिले के घुइचुनवा गांव के रामायण मान्यवर जैसे किसान सूरजमुखी जैसी वैकल्पिक फसलें ले रहे हैं। पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर ये किसान ना केवल एक तरफ अपनी आय बढ़ा रहे हैं, तो वहीं पानी पर निर्भरता कम कर रहे हैं। इसी तरह कोडागांव जिले में भी किसानों ने सूरजमुखी की खेती करने में रूचि दिखाई है और इसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

**<u>वेव्स–प्रतिभागी</u>**

आगामी विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स के अंतर्गत "इंडियाः ए बड्र्स आई व्यू चैलेंज" के शीर्ष पांच फाइनलिस्ट की घोषणा कल कर दी गई। इस चैलेंज में प्रतिभागियों को दो या तीन मिनट लंबे हवाई वीडियो प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रत्येक श्रेणी से पाँच फाइनलिस्ट को कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद शॉर्टलिस्ट किया गया। इन शॉर्टलिस्ट की गई प्रविष्टियों को वेव्स दो हजार पच्चीस में प्रदर्शित किया जाएगा और विजेताओं की घोषणा की जाएगी। साथ ही शिखर सम्मेलन में एक भव्य समारोह के दौरान उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

**चारधाम–यात्रा**

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए केदारनाथ मंदिर को खोलने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस आयोजन से पहले होने वाले अनुष्ठानों के तहत आज  भगवान केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति को औपचारिक रूप से मंदिर के लिए रवाना किया गया। यात्रा शुरू करने से पहले उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की गई। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चार धाम यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया, "यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट तीस अप्रैल को खुलेंगे। केदारनाथ धाम दो मई को जबकि बद्रीनाथ धाम के द्वार चार मई को खुलेंगे।

**<u>लिफ्ट/एस्केलेटर–सुरक्षा</u>**

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में लिफ्ट और एस्केलेटर की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। अब सभी लिफ्ट और एस्केलेटर का पंजीकरण, नवीनीकरण और निरीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है। इस नियम के तहत लिफ्ट और एस्केलेटर का संचालन उच्च सुरक्षा मानकों के अनुसार जरूरी है।

सरकार ने लिफ्ट और एस्केलेटर से जुड़ी सभी सेवाओं को पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट में शामिल कर दिया है। अब इन सेवाओं को अधिकतम तीस दिन के भीतर पूरा करना अनिवार्य होगा। अगर तय समय में काम नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

मुख्य विद्युत निरीक्षणालय ने सभी बिल्डरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और लिफ्ट संचालकों से अपील की है कि वे नए नियमों का कड़ाई से पालन करें और सुरक्षित रूप से लिफ्ट और एक्सलेटर की सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

## शिक्षक–अटैचमेंट समाप्त

सारंगढ़–बिलाईगढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी ने सैकड़ों शिक्षकों के अटैचमेंट को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। उन्होंने तीस अप्रैल तक सभी शिक्षकों को अपने मूल पदस्थापना पर लौटने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि आदेश का पालन नहीं करने वाले शिक्षकों पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## फसल अवशेष–प्रतिबंध

बेमेतरा जिले में फसल अवशेष जलाने वाले किसानों से उनके खेत के रकबे के अनुसार दंड वसूल किया जाएगा। कृषि उपसंचालक मोरध्वज डड़सेना ने बताया कि दो एकड़ तक के किसानों पर ढाई हजार रूपए, दो से पांच एकड़ वाले किसानों पर पांच हजार और इससे अधिक रकबा वाले किसानों पर पन्द्रह हजार रूपए का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, बेमेतरा कलेक्टर ने सभी सरपंचों से अपील की है कि वे अपने–अपने गांवों में किसानों को फसल अवशेष जलाने से रोकें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है और अनेक जिलों में आज आंधी–तूफान के साथ ओलावृष्टि और बारिश हुई है।

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के पेंड्रा सहित कई क्षेत्रों में आज बारिश के साथ ओले गिरे। तेज हवाओं और बारिश के कारण शहरी क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई।

वहीं, कोरबा जिले के विभिन्न हिस्सों में आज तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे।

इधर, राजधानी रायपुर में भी आज रूक–रूक बारिश दर्ज की गई।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले तीन घंटो के दौरान राजनांदगांव, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी और कांकेर के कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि और वर्षा होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार कल भी प्रदेश के कुछ स्थानों पर तेज हवा चलने, आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने के आसार हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

– दुर्ग जिले के स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में आज तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खंभे से जा टकराई। इस हादसे में कार में सवार युवक–युवती की मौत हो गई है।

– सरगुजा जिले की गांधीनगर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन की तस्करी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से करीब चालीस हजार रूपए का सामान बरामद किया गया है।

– बलरामपुर जिले के डिंडो चौकी क्षेत्र में जंगल में शिकार के दौरान बंदूक की गोली लगने एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार भरमार बंदूकें बरामद की गई हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

– राजधानी रायपुर में खारून नदी पर बने एनीकट में डूबने से एक युवक मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक की तलाश जारी है। दोनों युवक कल अपने दोस्तों के साथ एनीकट में पिकनिक मनाने गए हुए थे।

– दुर्ग जिले के चन्दखुरी में स्थित एक राइस मिल के बारदाना गोदाम में कल रात को आग लग गई। दुर्ग अग्निशमन और आपातकालीन सेवा की तीन टीमों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने का कारण शॉर्ट–सर्किट बताया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>